राजपूत महासभा के अध्यक्ष बने... पृष्ठ 2 | संत माता कर्मा ने समाज को नई... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 15 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 175, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल पंचायत दिवस से शुरू होगी नगद भुगतान की सुविधा सहित अन्य डिजिटल सेवाएं

## छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी : कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाता और सरपंचों के बीच हुआ एमओयू



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का किया था वादा**

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए आयोजित एमओयू कार्यक्रम को किया संबोधित**

रायपुर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू किया गया। इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षों का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुन: प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर किसी का पक्का मकान हो। पिछली सरकार के कार्यकाल में 18 लाख हितग्राही आवास से वंचित रह गए थे। शपथ लेने के दूसरे दिन हमने कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। अभी तक हमें केंद्र से 14 लाख आवास मिले हैं। दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए साढ़े तीन लाख आवास स्वीकृत करने जा रहे हैं। सभी को आवास मिले, इसके लिए हमने आवास प्लस प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस प्लस का सर्वे 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हो रहा है। इस सर्वे की सूची में सभी जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का नाम शामिल हो, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गांव-गांव में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की।



उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग हो या छात्रवृत्ति, पेंशन राशि का आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। इससे हम ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भू-जल का गिरता स्तर बहुत ही चिंताजनक है। इसके लिए गांव-गांव में भू-जल स्तर बढ़ाने हेतु विभाग से अलग से एसओपी जारी किया जा रहा है। हम जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री साय प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालयों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच सहित नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिन पंचायतों में पहले से PMAY-G पंचायत एंबेसडर हैं, उन्हें विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जिन पंचायतों में अब तक कोई PMAY-G पंचायत एंबेसडर नियुक्त नहीं हुआ है, वहाँ उपयुक्त व्यक्ति को चयनित कर एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान (15 अप्रैल से 30 अप्रैल) की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

## हफीज खान ने महापौर को दिए शहर विकास के अनेक सुझाव

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने अपने



वार्ड सहित शहर विकास के लिए अनेक सुझाव महापौर मधुसूदन यादव को दिए हैं माना जा रहा है कि उनके कई सुझाव बजट 2025 -26 में शामिल कर लिए जाएंगे। उन्होंने अपने वार्ड सहित शहर विकास के लिये निम्नांकित आवश्यक सुझाव दिया जा रहा है, जिसे बजट वर्ष 2025-26 में शामिल किये जाने का अनुरोध किया है। गौरीनगर तालाब को सौंदर्यीकरण योजना अंतर्गत सी.सी. रोड टो-वॉल, पचरी निर्माण, पाथवे निर्माण, पेवर ब्लाक एवं सौंदर्याकरण कार्य। गौरीनगर में आंगनबाडी भवन निर्माण। महादेव नगर में मुख्य सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण। गौरीनगर स्कूल मैदान में हाई मास्क लगवाने, उन्नयन एवं सौंदर्याकरण कार्य। गौरीनगर मुख्य मार्ग जो रेल्वे क्रॉसिंग दुर्गा मंदिर से गौरी नगर तालाब तक एवं स्कूल मैदान से रेल्वे पॉवर हाउस तक डामरीकरण कार्य।गौरीनगर के प्रसन्ना दास गली में सी.सी. सड़क निर्माण। अजय यादव के घर से राधे पुलिस वाले के घर से सिराज खान के घर तक ड्रक्करू एवं सी.सी. सड़क निर्माण। आदर्श स्कूल के पास सब्बर भाई के घर से लोकन्ना घर तक ड्रक्करू एवं सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण। महादेव नगर में हाई मास्क लाईट लगाने। महादेव नगर मे भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के चारो ओर दिवाल निर्माण एवं सौदर्गीकरण कार्य। मकबूल कुरैशी के घर से संतोष यादव के घर तक ड्रक्करू एवं सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण। गौरी नगर तालाब पार में गार्डन निर्माण। गौरी नगर स्कूल मैदान के पास हाट बाजार निर्माण। गौरी नगर स्कूल मैदान उन्नयन। वार्ड हित में उपरोक्तानुसार उल्लेखित आवश्यक सुझाव बजट में शामिल किये जाने का अनुरोध किया है।

## गड्ढे में गिरकर मासूम दिव्यांश की हुई मौत: सीएम साय के निर्देश पर परिवार को मिली 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के गुढ़ियारी में हुए मासूम बच्चे की मौत के बाद उसके परिजनों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है. वहीं अन्य दो घायल बच्चों के बेहतर उपचार को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए है. सीएम साय के निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के साथ सतत संपर्क बनाए हुए हैं और स्वास्थ्य स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं.

## ग्राम करवारी स्थित फार्म हाउस में शराब मामले मे दिल्ली का शराब ढक्कन (केप) सप्लायर फैक्ट्री मालिक गिरफ्तार

### छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान मे शराब की ढ़क्कन सप्लाई का वैध लायसेस, अवैध तरीके से पैसे कमाने के लालच में किंया था सप्लाई

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर कार्यवाही करते हुये। फार्म हाउस से कुल 432 पेटी शराब कीमती




27,32670/-रू एवं घटना स्थल में स्थित मकान के अंदर बने तल घर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण के आरोपी के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुयें आरोपी पता तलास हेतु टीम रवाना हुवा था करवारी फार्म हाऊस शाराब मामले में दिल्ली का शराब कैप ढ़क्कन निर्माता सप्लायर फैक्ट्री मालिक आरोपी विक्रम



आहूजा उर्फ विक्की पिता पूरन चंद आहूजा उम्र 50 वर्श निवासी फ्लैट नम्बर 1 माया अपार्टमेंट विकासपुरी दिल्ली 18 को गिरफ्तार किया गया जो पुर्व मे गिरफ्तार आरोपी चंदन ममतानी को छत्तीसगढ़ मे बिकने वाली षराब की षीषी का ढक्कन 60 हजार नग सप्लाई कर बिना परचेस आर्डर के अवैध रूप से बेचा है। प्रति ढ़क्कन 30-40 पैसें मुनाफा पर बेचता था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेंजा जा रहा है।

## हनुमान चालीसा पर रक्त दान शिविर संपन्न

**मुरमुंदा (नांदगांव टाइम्स)।** श्री राम भक्त युवा समिति मुरमुंदा के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर एक दिवसीय आयोजन किया गया



इस अवसर पर सुबह हनुमान चालीसा पाठ कर मुरमुंदा स्वस्थ केंद्र में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 37 यूनिट रक्त दान हुआ अटल बिहारी वाजपेई पेंड्री एवम मुरमुंदा स्वस्थ केंद्र विशेष भूमिका रही श्री राम भक्त युवा समिति लगातार जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध करा रही है श्री राम भक्त सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। और आगे रक्त दान के लिए प्रेरित किया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के ओ.डी.एफ का प्रचार-प्रसार हेतु लाखों की निविदा में भारी भ्रष्टाचार - ओस्तवाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी पत्र के माध्यम् से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन सचिव-संचालक एवं राजनांदगांव जिले के कलेक्टर सहित नगर निगम के वर्तमान आयुक्त से यह मांग की है कि राजनांदगांव सीमा क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, ओ.डी.एफ++ सर्वेक्षण हेतु प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के लिए निम्न कार्य हेतु



अधिकृत/पंजीकृत सप्लायर्स/संबंधित ठेकेदार/फर्म/एजेंसी से फार्म बी में मुहरबंद निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11/04/2025 को आपके द्वारा निविदा सूचना का आयुक्त का कार्यालयीन पत्र क्र. 1688/लोककर्म/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 27/03/2025 को जारी किया गया है उसमें निविदा प्राप्त आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11/04/2025 को जारी की गई है जबकि निगम की वेबसाइट में दिनांक 13/04/2025 को साइट में अपडेट किया गया है जो कि भ्रष्टाचार को स्वयंमेव प्रमाणित करता है और इस पूरे मामले के भ्रष्टाचार के मास्टर माइंड लोककर्म विभाग के जिस अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा इस स्वच्छ सर्वेक्षण में फ्लेक्स डिजाईन एवं प्रीटिंग कार्य आदि में लगभग 25 लाख रूपये की जो निविदा जारी की गई है इसमें भारी वित्तीय अनियमितता करके लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है ? क्योंकि स्वच्छ सर्वेक्षण सन् 20 24 का वर्ष समाप्त हो चुका है और सन् 2025 प्रारंभ हो चुका है फिर सन् 2024 का स्वच्छ सर्वेक्षण ओ.डी.एफ के प्रचार-प्रसार हेतु निविदा 27/03/2025 को आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के द्वारा कैसे जारी की गई इस पूरे मामले की संबंधित विभाग की जाँच करवाकर दोषियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जाय और जब तक इस पूरे मामले की जाँच का खुलाशा नही हो जाता लोककर्म विभाग के कम्प्यूटर निविदा प्रपत्र डाउनलोड के मास्टर माइंड नगर निगम के संजय साहू को तत्काल वहां से हटाया जाय। जिससे की इस पूरे मामले की जाँच में रूकावट ना आये और निगम के महापौर जी से अनुरोध है कि इस तरह के गलत कार्यों और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु आम जनता और शासन के हित में अपने कड़े तेवर तत्काल दिखावें।

## जाकेश साहू दोबारा बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष, पांच संभागों के प्रतिनिधि चुनाव में हुए सम्मिलित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लाक मुख्यालय में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर सामाजिक भवन में शिक्षक एलबी संवर्ग छत्तीसगढ़ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ पंजीयन क्रमांक 122202595034 के प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ।

संगठन के प्रांताध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पांचों संभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। विभिन्न जिलों एवं पांच संभागों के प्रतिनिधि एवं प्रदेशभर से आए हुए शिक्षकों व संगठन की प्रदेश कोर कमेटी ने राज्य के कर्मचारी व शिक्षक नेता जाकेश साहू को पंजीकृत संगठन छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ का प्रदेश अध्यक्ष सर्व समिति से चुना। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच को तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई है।

इससे पूर्व सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति वेतनमान, प्रथम सेवा गणना कर पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ देना, शिक्षकों का युक्त युक्तिकरण, पदोन्नति सहित विभिन्न मुद्दों पर बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारी ने अपनी राय रखी। वरिष्ठ शिक्षक बीरेंद्र साहू, नरेंद्र तिवारी, जगदीश साहू, कोमल सिंह गुरू, राजेंद्र



लाडेकर, संतोष जैन आदि ने प्रदेश बैठक सह आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबने विगत 1995 व 98 से प्रदेश के शिक्षकों को उनका हक व अधिकार दिलाने सड़क से लेकर सदन एवं न्यायालय तक की सभी लड़ाईयां लड़ी है और भविष्य में भी लड़ेंगे तथा अपना हक व अधिकार सरकार से लेकर रहेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षिका सोना साहू को उनके पूरे देयक का भुगतान होने तक हमें शांति बनाए रखना है। अभी किसी को नया केस लगाने या कोर्ट जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। सारे वस्तुस्थिति पर संगठन अपना नजर बनाए हुए है। समय आने पर आगामी रणनीति का ऐलान किया जाएगा। युक्त युक्तिकरण में किसी भी शिक्षक के साथ गलत नहीं होने दी जाएगी, यदि नियम विरुद्ध युक्त युक्तिकरण हुआ तो सभी संगठन मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। स्थानीय समस्याओं के लिए ब्लॉक और जिला टीम द्वारा संबंधित ब्लाक व जिले में समस्याओं के संदर्भ में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उक्त बैठक सह आमसभा में प्रमोद कुंभकार, गजेन्द्र साहू, श्रीमती लीला साहू, जन्मेजय पडोटी, हरिशचंद्र बंजारे, संगीता खरे, त्रिवेणी राजपूत, जनक राम साहू, धर्मेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, अजीत कोमरे, अशोक साहू, सीमा सहारे, अखिलेश पाठक, नारद सहारे, संजय भगत, तिलकराम खांडे, हुकुम दास साहू, पद्मा लहरे, रूपेंद्र कुमार साहू, देवेंद्र सेन, भारत बाम्बेश्वर, जीवन लाल साहू, टीकम लाल साहू, महेंद्र पिस्दा, हेमलाल सहारे, चेतन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए हुए शिक्षक व एलबी संवर्ग के प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए।

## अमित शाह ने अखिल भारतीय फोरेंसिक वज्ञान शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** अमित शाह द्वारा राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार न्यायालयों के लिए न्यायिक प्राइमर अनफोल्डिंग फोरेंसिक का भी शुभारंभ किया गया भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में 14 अप्रैल, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित 2 दिवसीय अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन (एआईएफएसएस) का उद्घाटन किया। इसका विषय 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका' था ।माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश; आर वेंकटरमण, भारत के अटॉर्नी-जनरल; माननीय न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम; अध्यक्ष एनएचआरसी; मनन कुमार मिश्रा, अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ इंडिया और गोविंद मोहन, केंद्रीय गृह सचिव ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार न्यायिक प्राइमर अनफोल्डिंग फोरेंसिक्स और 'ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंसेज समिट 2025 की कार्यवाही' का भी शुभारंभ किया।



# राजपूत महासभा के अध्यक्ष बने बजरंग बैस

## नरेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अशोक ठाकुर महासचिव निर्वाचित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह (पं.क्र.1282) का त्रिवार्षिक चुनाव कल भिलाई में संपन्न हुआ, जिसमें बजरंग सिंह बैस केंद्रीयअध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार महासभा के 13 पदों के लिए हुए चुनाव में बजरंग पैनल के 10 और होरी - अजय पैनल के तीन उम्मीदवार विजयी घोषित किए गए । अध्यक्ष पद के लिए बजरंग सिंह बैस ने त्रिकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी होरी सिंह डोड़ को 66 मतों से पराजित किया । श्री बैस को 829 और श्री डोड को 763 मत प्राप्त हुए । दशरथ सिंह भुवाल 184 वोट वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में नरेंद्र सिंह ठाकुर ने अजय सिंह ठाकुर को 150 मतों से पराजित किया । नरेंद्र सिंह ठाकुर को 882 और अजय सिंह को 732 वोट प्राप्त हुए । उपाध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में पंकज सिंह भुवाल ने अशोक परिहार को 141 मतों से पराजित किया । श्री भुवाल को 697 और श्री परिहार को 556 वोट प्राप्त हुए । एक अन्य उम्मीदवार अश्विनी सिंह ने 480 वोट हासिल किया । महासचिव पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में अशोक ठाकुर ने कमलेश सिंह राजपूत को 26 मतों से पराजित किया । अशोक ठाकुर को 890 और कमलेश सिंह राजपूत को 864 वोट मिले । कोषाध्यक्ष पद के लिए नीरज सिंह क्षत्रिय ने लोकेंद्र सिंह भुवाल को सर्वाधिक 553 वोटो से पराजित किया । श्री क्षत्रिय को 1104 और श्री भुवाल को 551 मत प्राप्त हुए । सहसचिव पद के लिए श्री सत्येंद्र सिंह राजपूत ने सीधे मुकाबले में संपत सिंह को 102 मतों से पराजित किया । सत्येंद्र सिंह को 871 और संपत सिंह को 769 मत प्राप्त हुए । उपसचिव पद के लिए घनश्याम सिंह ने प्रशांत सिंह को 412 मतों से पराजित किया । घनश्याम सिंह को 1059 और प्रशांत सिंह को 647 वोट प्राप्त हुए । संगठन सचिव पद हेतु हुए चतुष्कोणी मुकाबले में अजय सिंह ने राजू सिंह को 258 मतों से पराजित किया अजय सिंह को 732 और राजू सिंह को 474 मत प्राप्त हुए । मुकेश सिंह को 342 और इंद्रपाल सिंह को मात्र 87 वोट प्राप्त हुए । प्रचार सचिव पद हेतु डॉ. जितेंद्र सिंह ने त्रिकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अभिषेक सिंह को 144 मतों से पराजित किया ।

डॉक्टर जितेंद्र सिंह को 752 और अभिषेक सिंह को 608 मत प्राप्त हुए । अश्वनी सिंह लवायन 315 वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए । केंद्रीय महिला अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती रश्मि सिंह राजपूत ने सीधे मुकाबले में डॉक्टर मंजू सिंह को 37 मतों से पराजित किया । रश्मि सिंह को 153 और डॉ. मंजू सिंह को 116 मत प्राप्त हुए । केंद्रीय महिला सचिव पद पर श्रीमती मधुबाला सिंह निर्वाचित हुई । उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्रीमती छाया देवेंद्र सिंह को 20 मतों से पराजित किया । मधुबाला को 137 और छाया सिंह को 117 वोट प्राप्त हुए । युवा अध्यक्ष हेतु अनुराग सिंह ने सीधे मुकाबले में अंकित सिंह को नौ मतों से पराजित किया । अनुराग सिंह को 125 और अंकित सिंह को 116 मत प्राप्त हुए । युवा सचिव पद पर महेंद्र सिंह ने देवेश सिंह को 13 मतों से पराजित किया । महेंद्र सिंह को 122 और देवेश सिंह को 109 मत प्राप्त हुए । देर रात परिणामो की घोषणा के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# करमरी में कालेज के मांग को लेकर सांसद संतोष पाण्डेय से मिले सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छुरिया वि.खं.ग्राम करमरी में कालेज के मांग को लेकर भाजपा पि.व.मो.राजनांदगांव के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दीनदयाल (दीनू) ने सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर ग्राम करमरी में कालेज खोलने कि मांग किया। दीनदयाल (दीनू) साहू ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सांसद को बताया कि करमरी छुरिया वि.खं के अंतिम छोर पर बसा ग्राम है, 23 ग्राम पंचायत के 49 गांव के छात्र, छात्राओं को कालेज के पढ़ाई के लिए लंबी दूरी तय कर डोंगरगांव जाना पड़ता है । सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कहा कि वैसे भी चौकी वि.खं.में दो कालेज, डोंगरगढ़ वि.खं.मे तीन कालेज और डोगरगांव वि.खं.में दो कालेज है।

जबकि छुरिया वि.खं.मे एक ही कालेज है जो छुरिया में है जो कि सभी कालेज करमरी क्षेत्र से काफी दूर है।ग्राम करमरी चौराहे वाला गांव है जहां से उमरवाही, डोंगरगांव, देवरी और पिनकापार के लिए रास्ता है। करमरी में कालेज खुलने से राजनांदगांव जिले के छात्र छात्राओं के साथ ही बालोद जिले के छात्र छात्राओं को भी सुविधा मिलेगी। सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात के समय नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी,जागृति यदु जिला पंचायत सदस्य, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू ग्राम पंचायत रतनभाट सरपंच पवन खरे सहित करमरी के ग्राम वासी उपस्थित थे।

# ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

## पूजन के बाद निकाली गई झांकी रैली, डीजे की धुन पर झूमे लोग



**खुज्जी (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांववासियों ने एकजुट होकर बाबा साहब की प्रतिमा का पूजन किया और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूजन कार्यक्रम के बाद भव्य झांकी रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रैली में डीजे की गूंजती धुनों पर युवा व बच्चे झूमते नजर आए। झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक न्याय के संदेश को दर्शाया गया। रैली ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने फूल वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बाबा साहब की जयंती को सामाजिक एकता और समानता के प्रतीक के रूप में मनाया गया।

# लगातार 29 वां दिन सचिवों की हड़ताल जारी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज हड़ताल के 29वें दिन राजनांदगांव जिले के समस्त ब्लॉक में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में अंबेडकर जयंती मनाया गया आज हड़ताल को 29 दिन हो गया है गवर्नमेंट द्वारा सचिवो की एक सूत्री मांग शासकीय कारण के संबंध में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया औपचारिकता पूरी करने हेतु सचिव का प्रभार अन्य कर्मचारियों को दिया जा रहा है जिसको किसी प्रकार का सचिव कार्य करने का अनुभव ही नहीं है ।सरकार सचिवों की शासकीय करण को पूर्ण करने की बजाय एवं मोदी की संकल्प पत्र को लागू करने के बजाय सरकार शायद यही चाहती है कि ग्रामीण व्यवस्था अंतर्गत गांव में विकास कार्य पूरी तरह से बंद रहे । छत्तीसगढ़ के 146 विकास खण्डो में 29 वें दिन भी हड़ताल जारी है आज सभी विकासखण्डो में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया यदि हमारी मांग को पूरा नहीं करती तो आगामी दिवस में हड़ताल को उग्र रूप से किया जाएगा ?। दिनांक 15.4.2025 से 19 4 2025 तक प्रत्येक विकास करो में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगी। जब मोदी जी की गारंटी संकल्प पत्र में हमारी मांग को शामिल किया गया है एवं 100 दिवस के अंतर्गत मांग को पूर्ण करने का वादा किया गया था आज छत्तीसगढ़ शासन को बने हुए 16 माह हो चुका है फिर भी हमारे शासकीय करण के संबंध में साय सरकार द्वारा कोई निर्णय नही लिया गया है जो कि दुर्भाग्य जनक है । अगर हमारी मांग 19 अप्रैल तक पूर्ण नहीं होगी तो छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकासखंड से सचिव अपनी मांग को मनवाने हेतु दिल्ली रवाना होंगे एवं जंतर मंतर दिल्ली में मोदी जी की गारंटी को पूर्ण करने हेतु हड़ताल करेंगे। हमें सचिव पद पर कार्य करते हुए 30 वर्ष हो गया है जब शिक्षा कर्मियों को उनके विभाग में संविलियन कर दिया गया है तो मात्र 11000 सचिवो को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन क्यों नहीं किया जा रहा है खेद जनक है एवं शोषण है। हम सचिवों से समस्त 29 विभाग का कार्य कराया जाता है और आज तक शासकीय करण का सौगात नहीं दिया गया है । हमारी हड़ताल जारी रहेगी जब तक हमको शासकीय करण नहीं मिल जाता। हम मीडिया के माध्यम से सरकार से निवेदन करते हैं कि हमारी मांग को शीघ्र पूर्ण करें।

# डोंगरगांव में धूमधाम से मनाया गया 134 वी अम्बेडकर जयंती



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय बौद्ध महासभा शाखा डोंगरगांव के तत्वावधान में नगर में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 134 वी जयंती धूमधाम से मनाया गया द्य कार्यक्रम प्रात: 8 बजे बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के पश्चात शासकीय डॉ भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात शाम 4 बजे गाजे बाजे के साथ भीम रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए नारे लगाए गए द्य भीम रैली के पश्चात संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात धम्मभोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर कॉलेज में प्रात: माल्यापर्ण कर बाबा साहेब और उनके योगदान को याद किया गया जहाँ अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी, उपाध्याय रोहित गुप्ता,भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, पार्षद राजा जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, पदमिनी ठाकुर, दुर्गेश रामटेके, बौद्ध समाज के अध्यक्ष श्याम सुंदर लाउतरे, समाज के वरिष्ठ वीरेन्द्र बोरकर, संजय भीमटे, रितिक रामटेके, आशिस कामड़े, दिनेश सोनकुवर, विकास बारसागड़े , रिंकू खोबरागड़े, लक्की रंगारी, रामबिलाश टेम्बुलकर, किलेन्द्र टेम्बुलकर,आशिस कामड़े, रमेश रामटेके, सालिक कोचे, विजय खोबरागड़े, जितेन्द्र मोठघरे, हिरा लाल शेंडे, विकास बारसागड़े , रितिक रामटेके, प्रतिक ऊके ,शौरभ रामटेके, अश्विन दरवाड़े, प्रेमलाल मेश्राम,- महेन्द्र लेंझारे, डिम्पल चौरे, कुसुमलता ठावरे, सुनील चौरे के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**शुभांक**

**2-3-9**

**257-4 389-0**

**भाग्यांक**

**115-7 129-2**

# विहिप बजरंग दल ने विश्व कल्याण के लिए किया सामूहिक चालीसा पाठ का आयोजन



**राजनादगांव।** धर्मनगरी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तत्वावधान में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सामूहिक चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ जिसमें 251 युवाओ माताओं बहनों ने संकल्प लेकर पाठ किया विहिप अध्यक्ष बालमुकुंद तराने जी ने बताया सर्व प्रथम हनुमान जी राम जी स्तुति की गई ततपश्चात विजय महामंत्र के बाद तेज हवा आंधी प्रारम्भ होगयी संकल्प लिए हुए राम भक्तों ने दृढ़ निश्चय होकर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया व हनुमान जी की आरती के बाद रतन राठौर के माध्यम से प्रसादी वितरण किया गया मंजू धनकर व गीतेश्वरी यादव दीदी ने भजन की प्रस्तुति दी... नगर वासियों के सहयोग से आयोजन सम्पन्न हुआ। चालीस पाठ में मंच के माध्यम से वेदांश ताम्रकर, पिंकू ठाकुर, आशु सेन, गोविंद यादव,देव वर्मा,ईशान ठाकुर, पवन,हिमाशु डाकहा आदि उपस्थित रहे पाठ कराया आयोजन में व्यवस्थापक के रूप में बब्ली नामदेव,जिज्ञाशू टांक,हनी गुप्ता,रितेश सक्सेना,नितिन शर्मा,ऋषभ डाकहा,हिमांशु गुप्ता,प्रशांत गभने,नीरज चौरड़िया,विवेक गुप्ता,कमल किशोर शर्मा,आलोक प्रताप सिंह,अविनाश पोद्दार,मोहित तराने,अमर तिवारी,अमन नामदेव,विमल अग्रवाल,राजवीर कोचे,सुब्रोतो राय,राजेश साहू,मोहित कोठारी,विवेक शर्मा,निशांत शर्मा,युवराज सिंह,चांद महानंद,सरोज सिंह,आदित्य मिश्रा,राहुल नामदेव,हेमन्त मंडावी,गोलू यादव,हिमाशु वेगड़ व सनातन जागृति सेवा संस्थान,श्री हनुमान भक्त युवा समिति,महावीर मंदिर सेवा समिति,शक्ति वाहिनी के सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# डोंगरगांव में धूमधाम से मनाया गया 134 वी अम्बेडकर जयंती



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय बौद्ध महासभा शाखा डोंगरगांव के तत्वावधान में नगर में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 134 वी जयंती धूमधाम से मनाया गया द्य कार्यक्रम प्रात: 8 बजे बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के पश्चात शासकीय डॉ भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात शाम 4 बजे गाजे बाजे के साथ भीम रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए नारे लगाए गए द्य भीम रैली के पश्चात संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात धम्मभोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर कॉलेज में प्रात: माल्यापर्ण कर बाबा साहेब और उनके योगदान को याद किया गया जहाँ अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी, उपाध्याय रोहित गुप्ता,भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, पार्षद राजा जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, पदमिनी ठाकुर, दुर्गेश रामटेके, बौद्ध समाज के अध्यक्ष श्याम सुंदर लाउतरे, समाज के वरिष्ठ वीरेन्द्र बोरकर, संजय भीमटे, रितिक रामटेके, आशिस कामड़े, दिनेश सोनकुवर, विकास बारसागड़े , रिंकू खोबरागड़े, लक्की रंगारी, रामबिलाश टेम्बुलकर, किलेन्द्र टेम्बुलकर,आशिस कामड़े, रमेश रामटेके, सालिक कोचे, विजय खोबरागड़े, जितेन्द्र मोठघरे, हिरा लाल शेंडे, विकास बारसागड़े , रितिक रामटेके, प्रतिक ऊके ,शौरभ रामटेके, अश्विन दरवाड़े, प्रेमलाल मेश्राम,- महेन्द्र लेंझारे, डिम्पल चौरे, कुसुमलता ठावरे, सुनील चौरे के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे द्य

**नगर में जगह जगह हुआ भीम रैली का स्वागत**

नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न समाज के लोगों ने भीम रैली का स्वागत किया व स्वल्पाहार, सरबत का वितरण किया गया द्य वही बीजेपी के द्वारा स्टाल लगाकर रैली का स्वागत किया गया।

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. 202107090700004 अ/90/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक निर्मलचंद कोठारी पिता स्व. उमेन्दचंद कोठारी एवं अन्य 01, निवासी कामठी लाईन, ग्राम, पोस्ट, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अधिवक्ता श्री विनोद शेण्डे के माध्यम से न्यायालयीन प्रकरण 25 अ/90 वर्ष 2017 में पारित आदेश दिनांक 24.02.2021 के अनुसार अनावेदक राजेन्द्र पण्डित पिता स्व. झम्मन पण्डित, निवासी माईक्रोवेव टावर के बाजू, वर्धमान नगर के सामने, जी.ई. रोड़ राजनांदगांव द्वारा आदेश का परिपालन नही करने से परिपालन हेतु किरायाशुदा परिसर से अनावेदक को बेदखल कर आधिपत्य दिलाये जाने एवं साथ ही बकाया किराया राशि 1,68,150/- दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत आगामी पेशी दिनांक 16.04.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील | **भाड़ा नियंत्रण अधिकारी जिला-राजनांदगांव**

# मुड़पार परिक्षेत्र आज ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई जाएगी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम मुड़पार में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती परिक्षेत्र मुड़पार में आगामी 15 अप्रैल दिन मंगलवार को मां कर्मा भवन ग्राम मुड़पार में कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रात: 6: बजे मां कर्मा की आरती तत्पश्चात भक्त मां कर्मा की भव्य शोभा यात्रा, दोपहर 11 बजे मोर सोन चिरइया ग्राम मुड़पार सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं संबोधन,सम्मान समारोह, 3 बजे महाकाव्य मानस मंडली कंचना कुरूद धमतरी, शाम 6 बजे खिचड़ी प्रसादी भोजन भंडारा। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री संतोष पांडे जी सांसद राजनांदगांव, माननीय श्री अभिषेक सिंह जी पूर्व सांसद राजनांदगांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव, जीवनलाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ, आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण लीलाधर साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव,श्रीमती देव कुमारी साहू सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव,नीलमणी साहू महामंत्री साहू संघ राजनांदगांव, श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव, रोहित चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत,अध्यक्ष भाजपा मंडल राजनांदगांव खिलेश्वर साहू, नगर अध्यक्ष राजनांदगांव खिलेश्वर साहू, चंद्रशेखर साहू तहसील साहू संघ राजनांदगांव, रोहित चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजनांदगांव, पीतांबर कतलाम सरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार, कुंदन सिंह,नयन सिंह, श्रीमती कलिंद्री यादव पूर्व सरपंच, ग्रामीण साहू समाज मुड़पार के अध्यक्ष हरिनारायण साहू, सचिव फागू राम साहू,कोषाध्यक्ष ओकेश कुमार साहू ने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम में लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर के 7 वां वर्ष गांठ मनाया गया स्वास्थ शिविर का आयोजन डॉ नेतराम नवरत्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला ब्लॉक घुमका जिला राजनांदगांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के 7 वा वर्ष गांठ मनाया गया स्वास्थ शिविर का आयोजन डॉ नेतराम नवरत्न (सीएमएचओ), डॉ नंदकिशोर टंडन (बीएमओ), संदीप ताम्रकार (डीपीएम), शेखर नागवंशी (बीपीएम) के दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शक में संस्था प्रभारी अमित कुमार पारधी (सीएचओ )के द्वारा आज के शिविर का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि मुकेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत सिंघोला खुशबू साहू जनपद सदस्य सिंघोला उपस्थित रहे साथ हीं क्षेत्र की सभी मितानिन उपस्थित रही आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफाइड हो चुका है आयुष्मान आरोग्य मंदिर! प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का महत्वकांक्षी योजना है इनकी शुरुआत बस्तर छत्तीसगढ़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जांगला में 14 अप्रैल 2018 को माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा उद्घाटन किया गया था ! आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 12 प्रकार की सेवाएं दी जाती है।

## ज्ञान मंथन

*1) मौर्य काल के दौरान राज्य के राजस्व की वसूली कौन सा अधिकारी करता था?*

*2) हेमिस त्योहार भगवान पद्संभव को समर्पित है, जिन्हे बुद्ध के प्रतिनिधि अवतार के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह भारत के किस भाग में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है?*

*3) भारत के किस राज्य में हिंडन नदी किस राज्य मे बहती है?*

*4) विष्णु और भागवत पुराण में किस जैन तीर्थंकर को विष्णु का अवतार बताया गया है?*

*5) हाल ही में द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांग सोशल एक्टिविस्ट के.एस.राजन्ना को किस पुरस्कार से सम्मानित किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संहर्ता (2) लद्दाख (3) उत्तर प्रदेश (4) ऋषभदेव (5) पद्मश्री

# संत माता कर्मा ने समाज को नई दिशा दी - मदन साहू

## कोपेडीह में कर्मा जयंती उत्सव की रही धूम

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर तुमड़ीबोड़ के निकट गांव कोपेडीह में आयोजित कर्मा जयंती उत्सव में जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि भगवान जगन्नाथ( श्री कृष्ण) माता कर्मा की भक्ति से प्रसन्न होकर उनके प्रकट होकर खिचड़ी खाते थे यह उनकी भक्ति की शक्ति थी कि भगवान को तेल अवतार लेना पड़ा माता कर्मा ने समाज को नई दिशा देकर संगठित किया जो आज भी प्रेरणास्पद है सामाजिक जनों कीभीड़ को और भी वक्ताओं ने संबोधित करते हुए समाज को मजबूती प्रदान करने की बात कही है।

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव जनपद सदस्य सरिता साहू के साथ किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू सरपंच बीर सिंग़ चंद्रवंशीअतिथि बतौर सम्मिलित हुए। समाज के पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू मंडल अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन साहू किसान प्रकोष्ठ की अमरोतन साहू मंडल के संरक्षक हेमसिंह साहू वरिष्ठ प्रकोष्ठ खेलू दास साहू दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के हेमंत साहू ने समाज को संबोधित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष मदन साहू ने कहां शक्ति भक्ति और मुक्ति के प्रतिमूर्ति भक्त मा कर्मा आज से 1009 साल पहले झांसी में तेली



समाज में जन्म लिया और नरवर गढ़ शक्ति और भक्ति की महिमा के साथ जगन्नाथ पुरी में मुक्ति का मार्ग बतला करके जनमानस को समाज परिवार और धर्म के प्रति सकारात्मक संदेश दिया अपने जीवन में संघर्ष करके समाज को एक नया दिशा देकर के संगठित होने का संदेश दिया भगवान कृष्ण स्वयं माता कर्मा के पास आकर खिचड़ी ग्रहण किया जो आज जगन्नाथ में महाप्रसादी के रूप में चढ़ता है। हमारे पूर्वजों ने समाज के लिए संविधान बना करके लगातार समाज को जोड़ने का काम किया है हम सब का कर्तव्य बनता है कि संगठन को और मजबूती प्रदान कर समाज सेवा में अपना योगदान दे समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को हर क्षेत्र में सहयोग कर उसे मजबूती प्रदान करे समाज के चुने गए जनप्रतिन का आत्मिय स्वागत स्वजातीय पदाधिकारी करते हैं हम सब जनप्रतिनिधि का भी कर्तव्य बनता है कि हम समाज को तन मन और धन से सहयोग प्रदान करें और संगठन को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ कोमल साहु किया। ग्राम साहू समाज कोपडीह के प्रमुख आयोजक चुन्नू राम साहू गमन साहू सामाजिक महिला समूह समाज के सभी पदाधिकारी का विशेष योगदान रहा ग्राम साहू समाज द्वारा एक नई पहला हमको देखने को मिला जैसे की अतिथियों का लोटा में जल लेकर के चरण धुलवाकर चरण वंदन किया चंदन बंदन के साथ स्वागत कर अतिथियों को सह सम्मान आसान दिया और कार्यक्रम में समय-समय पर सल्पाहार शरबत व मौसमी फल के साथ अतिथि सहित आगंतुक सभी लोगों को मन मुगद्य कर दिया अतिथियों के लिए वह सुहाने पल था जब विदाई के समय सभी महिलाओं ने साहिब बंदगी बनाकर नारियल और श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे ग्राम पंचायत कोपेडीह के पूर्व सरपंच वीनाधर वर्मा उप सरपंच टेलन सिंग वर्मा किसान कांग्रेस के महामंत्री हेमंत साहू पच जीवधन वर्मा संतोष वर्मा तीजउ निशाद केवल वर्मा तुमडीबोड़ से संतोष साहू नीलकंठ साहू आदिवासी वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव मे निर्मला जीतेन्द्र सिन्हा शामिल हुए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कोहका एवं गातापार खुर्द में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हनुमान जी की पूजा अर्चना के तत



पश्चात अतिथि स्वागत और उद्बोधन में निर्मला सिन्हा कलार समाज जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि हनुमान जी राम के अनन्य भक्त रहे हनुमान जी को कलयुग का देवता माना गया है और यह आज भी पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं हनुमान जी के शरीर में सिंदूर इसलिए लगाया जाता है क्योंकि रामायण के अनुसार हनुमान जी ने माता सीता से सिंदूर लगाने का कारण पूछा था माता सीता ने बताई की सिंदूर लगाने से उनके पति भगवान राम जी की लंबी उम्र और आशीर्वाद प्राप्त होता है इस बात को सुनकर हनुमान जी ने सोचा कि यदि सिंदूर से राम जी इतने प्रसन्न होते हैं तो वही दिन से अपने पूरे शरीर पर सिंदूर लगा लेंगे जिससे राम जी हमेशा प्रसन्न रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मला जितेंद्र सिन्हा ,डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा ,महेंद्र वैष्णव पूर्व सरपंच ,लक्ष्मी राम चरण ,राम नाथ वर्मा, तीजऊ वर्मा आयोजक समिति ,रामविलास सिन्हा, रोहित कुमार वर्मा उपाध्यक्ष ,धनराज सिंह कोषाध्यक्ष ,तुलेश जंघेल सचिव ,भानु प्रताप ,केदार जंघेल ,जितेंद्र वर्मा ,गौतम सिंह ,परसादी वर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में मौसम ने बदली करवट : बिलासपुर-बेमेतरा सहित 7 जिलों में यलो अलर्ट जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का बदलाव जारी है। रविवार को



कोंडागांव में तेज आंधी-तूफान के साथ ओले भरी बारिश हुई। मौसम विभाग ने 7 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़ में मौसम का बदलाव जारी है। इसी कड़ी में रविवार को कोंडागांव में तेज आंधी-तूफान के साथ ओले भरी बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 7 जिले बेमेतरा, बिलासपुर, गौरेला- पेंड्रा- मरवाही, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, कोरबा, मुंगेली के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर आंधी- तूफान के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। जबकि, 19 जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं।

# हमर करम हो गये हे, जाली, तो, कहां ले रही हरियाली

## साहित्यिक गोष्ठी में कवि / साहित्यकारों ने काव्य- रचनाओ में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कृषि विकास अधिकारी ,कवयित्री श्रीमती सुषमा शुक्ला अंशुमन के यहां पर्यावरण जागरूकता से संबंधित साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता छ0ग0 राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य ने की। शिवनाथ धारा साहित्य समिति के बैनर तले आयोजित साहित्यिक गोष्ठी में उपस्थित कवि/ साहित्यकारों ने पर्यावरण बचाने की संदेश देने वाली एक से बढ़कर एक काव्य रचनाएं पढ़ी। इस दौरान कवयित्री श्रीमती सुषमा शुक्ला के पति मुकेश शुक्ल के जन्म दिन पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साहित्यिक आयोजन में पर्यावरण पर जमगरहा संदेश ? देते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य ने कहा - हमर ? करम हो गे हे जाली,, त, कहां ले रही हरियाली, ?, रिसा गेहे प्रकृति,,रिसा गेहे संस्कृति,, रिसा गेहे, माता महा काली,,, त,, कहां ले रही हरियाली ।। इस दौरान जल को बचाना, अपने कल को बचाना कहते हुए कवि वीरेंद्र तिवारी वीरु ने पौध रोपण कर फोटो खिंचवाने वाले व उनकी देख-रेख नहीं करने वाले लोगों को आड़े हाथों लिया। कवि महेद्र बघेल मधु बेटी पर मार्मिक रचना पढ़ी वहीं व्यंग्यकार कवि गिरीश ठक्कर स्वर्गीय ने शहर की समस्यायों को अपनी व्यंग रचनाओं में उकेरा।

**बिरबिट करिया रात में अंजोर हो गे हे**

कवि ओमप्रकाश साहू अंकुर व लखन लाल साहू लहर ने कवयित्री सुषमा शुक्ला के पति को उनके जन्म दिन की बधाई इस तरह दिया - हे, मुकेश,, तै अइसे का मंत्र फुक्रेस,, ?कि सुषमा तोर होगे / बिरबिट करिया रात में, जग-जग ले अंजोर होगे,,। कवि मानसिंह मौलिक ने होली के रंग में भीगी, गोरी को रंगने वाली रचना पढ़ी वहीं कवि एवं फिल्म निर्माता अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने धरती में अधिकाधिक संख्या में पेंड़ लगाने तथा शंकर शरण खोब्रागड़े ने पर्यावरण पर आध्यात्मिक रचना तथा कवि गोवर्धन गंभीर ने पर्यावरण बचाने नन्ही चिड़िया पर प्रासंगिक रचना पढ़कर माहौल को गंभीर बनाया। इसी तरह कुलेश्वर साहू, अनिल कसेर, कन्हैया लाल मेश्राम ने भी अपनी कविता में पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

**नारी और प्रकृति की व्यथा**

मेजबान कवयित्री सुषमा शुक्ला अंशुमन ने नारी और प्रकृति की व्यथा को एक समान मानते हुए अपनी कविता में- नारी के लिए ,आज हो न कल हो / नारी के लिए हर जनम हर पल हो,, कहा। इस दौरान डोंगरगांव क्षेत्र से पधारी कवयित्री माधवी गणवीर ,रोहिणी पटेल के अलावा ,लोमन दास मानिकपुरी ,प्रीतम कोठारी समीर, जीवन दास सहित अन्य बहुत से कवि व साहित्यकारो ने पर्यावरण के रंग में भीगी रचनाएं पढ़कर प्रशंसा प्राप्त की। अंत में कवयित्री सुषमा शुक्ला अंशुमन ने समस्त कवि / साहित्यकारो का आभार प्रदर्शन करते हुए औषधीय व अन्य पौधे भेंट किये। उक्ताशय की जानकारी मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

## ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम ग्राम खपरी जुरला खुर्द में सम्पन्न हुआ

### मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुबह शोभा यात्रा निकाली गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा उद्बोधन में सामाजिक उत्थान के विषय में चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल जी विधायक डोंगरगढ़, मंथीर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ घुमका,श्रीमती किरण विनोद बारले सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, लक्ष्मी रामदास कोसरे सदस्य जनपद पंचायत राजनांदगांव, लता कृपाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत जुरला खुर्द, धरमू साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज भैंसातरा, दयाल सिंह साहू संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू समाज भैंसातरा, शिवकुमार साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज भैंसातरा,हिरेंद्र कुमार साहू सचिव तहसील साहू संघ घुमका, श्रीमती नुतन साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ घुमका, जयश्री साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज पटेवा, अमरीका साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज भैंसातरा, खेलावन दास साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज जुरला खुर्द, रामकुमार साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज खपरी, देवनारायण साहू सचिव ग्रामीण साहू समाज खपरी, सरिता साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज खपरी, सुनीता साहू पंच, धनेश्वरी साहू पंच,द्वारका प्रसाद साहू पंच एवं समस्त स्वाजातीय बंधुओं तथा ग्रामवासियों खपरी की उपस्थिति रही।

# राजनांदगाव फुटबाल लीग 7ए साइड फुटबाल प्रतियोगिता मे हो रहे है रोमांचक मैच

## जिला स्तर की टीमें और उभरते सितारे हो रहे हैं आमने-सामने, राजनांदगांव में फुटबाल का नया प्रयोग, आईपीएल के तर्ज पर हुआ खिलाड़ियों का चयन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मे आयोजित 7 ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता के आज रविवार तीसरे दिन जिसमे कुल 3 मैच खेले गए। जिसमे पहला मैच हिन्दू युवा मंच विरुद्ध हरिओम ऑटो के मध्य खेला गया, यह मैच एकतरफा रहा जहाँ हिन्दू युवा मंच के द्वारा 4-0 से जीत हासिल की..दूसरा मैच राजनांदगाव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमे माध्यन्तर तक मॉर्निंग क्लब 1-0 से बढ़त बनाये रखी दूसरे हाफ मे राजनांदगाव फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा गोल करके स्कोर 1-1 बराबर कर दिया.. मैच के अंतिम समय मे मॉर्निंग क्लब के गोल ने स्कोर 2-1 हो गया.. यही स्कोर अंतिम रहा.. ओर दूसरे मैच मे मॉर्निंग क्लब विजेता बनी.. तीसरा व अंतिम मैच अपना मार्ट विरुद्ध सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया.. जिसमे सुपर स्ट्राइकर्स के युग द्वारा किये गये पहले हाफ मे 1 गोल से बढ़त बनाई.. दूसरे हाफ मे पूर्वांश के मैदानी गोल ने स्कोर बराबरी पर कर दिया.. यही स्कोर अंतिम रहा ओर मैच बराबरी



पर छूटा। इस तरह दोनों टीमों का बराबर अंक दे दिए गये। तीनो मैच बेहतरीन व रोमांचक रहें, चुंकि प्रतियोगिता लीग स्तर पर खेली जा रही है.. जिस कारण अगर मैच बराबरी मे छुटते है तो दोनो टीमों का बराबर अंक दे दिए जाते है। राजनांदगाव के इतिहास मे पहली बार है ज़ब फुटबॉल की रात्रिकालीन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। वह भी लीग और आई पी एल के तर्ज पर, जिससे जिले भर के खिलाड़ी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है.. इससे फुटबॉल को एक नई दिशा मिलेगी।

**मंगलवार को चार मैच खेले जाएंगे:-**

1. पी एच आर विरुद्ध एन आई बी एस बोरी
2. राजनांदगांव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध अमृत स्ट्राइकर्स
3. आरकेसी विरुद्ध हरिओम ऑटो
4. अपना मार्ट विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन

इस प्रतियोगिता के आयोजन करता सोनू वर्मा, अजय ज्ञानचंदानी और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। मैच के आज के समस्त तीनो मैच के रेफरी कृष्टोफर व मयूर हथेल थे तथा टेक्निकल टेबल पर डा. एम टी भद्र ने अपनी सेवाएं दी। यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के इतिहास में पहली बार आयोजित की जा रही है, जो फुटबॉल को एक नई दिशा देगी।

## धर्म समाचार....

# शिव जी के इन मंत्रों के जप से जीवन होगा खुशहाल, शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें

सोमवार का दिन देवों के देवों महादेव की भक्ति के लिए समर्पित है। इस दिन कुंवारी लड़कियां और सुहागिन महिलाएं व्रत करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को सच्चे मन से करने से मनचाहा वर मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होता है। इसके अलावा महादेव की अपार कृपा प्राप्त होती है।


सोमवार का दिन का भगवान शिव और मां पार्वती की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन पूजा और व्रत करने से साधक को जीवन में शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं। साथ ही शिवलिंग का विशेष चीजों के द्वारा अभिषेक करना चाहिए। अगर आप भगवान शिव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो सोमवार की पूजा के दौरान महादेव के 108 नामों का जप करें। मान्यता के अनुसार, मंत्र जप करने से मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं और बिगड़े काम के पूरे होने के योग बन सकते हैं।

**इन चीजों से करें शिवलिंग का अभिषेक**

पूजा के दौरान शिवलिंग दूध, दही, घी, जल और गंगाजल से अभिषेक करें। मान्यता के अनुसार, इस उपाय को करने से साधक को डर से छुटकारा मिलता है।

**भगवान शिव के 108 नाम**

1. ? महाकाल नमः
2. ? भीमेश्वर नमः
3. ? विषधारी नमः
4. ? बम भोले नमः
5. ? विश्वनाथ नमः
6. ? अनादिदेव नमः
7. ? उमापति नमः
8. ? गोरापति नमः
9. ? गणपिता नमः
10. ? ओंकार स्वामी नमः
11. ? ओंकारेश्वर नमः
12. ? शंकर त्रिशूलधारी नमः
13. ? भोले बाबा नमः
14. ? शिवजी नमः
15. ? रुद्रनाथ नमः
16. ? भीमशंकर नमः
17. ? नटराज नमः
18. ? प्रलेयन्कार नमः



19. ? चंद्रमोली नमः
20. ? डमरूधारी नमः
21. ? चंद्रधारी नमः
22. ? दक्षेश्वर नमः
23. ? घ्रेनश्वर नमः
24. ? मणिमहेश नमः
25. ? अनादी नमः
26. ? अमर नमः
27. ? आशुतोष महाराज नमः
28. ? विलवकेश्वर नमः
29. ? भोलेनाथ नमः
30. ? कैलाश पति नमः
31. ? भूतनाथ नमः
32. ? नंदराज नमः
33. ? नन्दी की सवारी नमः
34. ? ज्योतिलिंग नमः
35. ? मलिकार्जुन नमः
36. ? शम्भु नमः
37. ? नीलकंठ नमः
38. ? महाकालेश्वर नमः
39. ? त्रिपुरारी नमः
40. ? त्रिलोकनाथ नमः
41. ? त्रिनेत्रधारी नमः
42. ? बर्फानी बाबा नमः
43. ? लंकेश्वर नमः
44. ? अमरनाथ नमः
45. ? केदारनाथ नमः
46. ? मंगलेश्वर नमः
47. ? अर्धनारीश्वर नमः
48. ? नागार्जुन नमः
49. ? जटाधारी नमः
50. ? नीलेश्वर नमः
51. ? जगतपिता नमः
52. ? मृत्युन्जन नमः
53. ? नागधारी नमः
54. ? रामेश्वर नमः
55. ? गलसर्पमाला नमः
56. ? दीनानाथ नमः
57. ? सोमनाथ नमः
58. ? जोगी नमः
59. ? भंडारी बाबा नमः
60. ? बमलेहरी नमः
61. ? गोरीशंकर नमः
62. ? शिवाकांत नमः
63. ? महेश्वराए नमः
64. ? महेश नमः
65. ? संकटहारी नमः
66. ? महेश्वर नमः
67. ? रुंडमालाधारी नमः
68. ? जगपालनकर्ता नमः
69. ? पशुपति नमः
70. ? संगमेश्वर नमः
71. ? अचलेश्वर नमः
72. ? ओलोकानाथ नमः
73. ? आदिनाथ न
74. ? देवदेवेश्वर नमः
75. ? प्राणनाथ नमः
76. ? शिवम् नमः
77. ? महादानी नमः
78. ? शिवदानी नमः
79. ? अभयंकर नमः
80. ? पातालेश्वर नमः
81. ? धूधेश्वर नमः
82. ? सर्पधारी नमः
83. ? त्रिलोकिनरेश नमः
84. ? हठ योगी नमः
85. ? विश्लेश्वर नमः
86. ? नागाधिराज नमः
87. ? सर्वेश्वर नमः
88. ? उमाकांत नमः
89. ? बाबा चंद्रेश्वर नमः
90. ? त्रिकालदर्शी नमः
91. ? त्रिलोकी स्वामी नमः
92. ? महादेव नमः
93. ? गढ़शंकर नमः
94. ? मुक्तेश्वर नमः
95. ? नटेषर नमः
96. ? गिरजापति नमः
97. ? भद्रेश्वर नमः
98. ? त्रिपुनाशक नमः
99. ? निर्जेश्वर नमः
100. ? किरातेश्वर नमः
101. ? जागेश्वर नमः
102. ? अबधूतपति नमः
103. ? भीलपति नमः
104. ? जितनाथ नमः
105. ? वृषेश्वर नमः
106. ? भूतेश्वर नमः
107. ? बैजूनाथ नमः
108. ? नागेश्वर नमः

nandgaon times April-15-2.qxd 4/14/2025 11:57 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स


खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विकाखंड के 10-10 ग्राम पंचायतों और सीएससी सर्विस प्रदाता के मध्य किया गया एमओयू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत के सभाकक्ष में शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव श्री कांति कुमार फुले, डॉ. केएल टाण्डेकर, श्री सिद्धार्थ चौरे, श्री नीतेश रामटेके, श्री दीपक कोटांगले, श्री प्रहलाद फुले, श्री रामकुमार वाल्दे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर की गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिले के 40 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र के शुभारंभ की जानकारी प्रदान किया गई। जिले में पात्र परिवार को आवास प्लस 2.0 में नाम जोडऩे के लिए विशेष पखवाड़ा मोर दुवार, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वक्षण किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास एम्बेसडर नियुक्त किया गया है एवं आने वाले समय में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में आवास एम्बेसडर नियुक्त किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई।



अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को स्मरण करने के लिए हम सभी उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विश्व के चुनिंदा बुद्धिमान व्यक्तियों में शामिल है। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसके कारण एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ हमारा राष्ट्र निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारतीय संविधान देश को एक दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म, जाति, धर्म से बड़ा नहीं होता। कोई भी व्यक्ति कर्म से बड़ा होता है। बाबा साहेब ने नारियों के उत्थान एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की है। जिसके कारण आज नारी पढ़-लिखकर सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है। प्रशासनिक, राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी ने बहुत संघर्ष करते हुए समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। बाबा साहेब को भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में याद किया जाता है। लोकतंत्र के सबसे बड़ी नींव के रूप में संविधान है। भारतीय लोकतंत्र में नागरिकों को जो मौलिक अधिकार प्राप्त हुए है, उनका श्रेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर को जाता है। बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनो, संघर्ष करों और संगठित रहो का नारा दिया था, जिसका हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने हमारे देश का लिखित संविधान बनाया है। इस संविधान में देश के एक-एक व्यक्तियों को अपनी शक्ति एवं अधिकार मिले है। इस संविधान के तहत सभी को एक समान अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना जीवन संघर्षों से शुरू किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन अध्ययन किया। बाबा साहब अर्थशास्त्र में पूरे देश में प्रथम पीएचडी धारी बने। उन्होंने भारत के संविधान को बनाने में कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया और अपने देश की परिस्थितियों के अनुरूप हमारा संविधान बनाया गया। संविधान के एक-एक विषय पर लंबे समय तक विचार किया गया उसके बाद संविधान का निर्माण किया गया है। बाबा साहब बहुत ही विद्वान व्यक्ति थे उनके प्रत्येक क्षेत्र से हमें प्रेरणा मिलती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, बंधुता का ध्यान रखना है। समतामूलक समाज बनाना है। न्याय सबको मिले इसके लिए काम करना है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना को ही जीवन में उतार ले तो देश को बहुत आगे ले जा पाएंगे।



अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव श्री कांति कुमार फुले ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने संपूर्ण जीवन समाज और देश को दिया। उन्होंने बाबा साहब के समाज के प्रति विचारों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए जीना चाहिए। व्यक्ति को जीवन में अपने समाज के लिए चिंता करना चाहिए और समाज के लिए कार्य करना चाहिए। बौद्ध समाज के प्रमुख डॉ. केएल टाण्डेकर ने भी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री अंगेश्वर देशमुख, श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, श्रीमती विभा साहू, श्री प्रंशात कोड़ापे जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री भरत वर्मा, श्री रविन्द्र वैष्णव, श्री राजेन्द्र गोलछा, बौद्ध समाज के प्रमुख श्री सिद्धार्थ चौरे, श्री नीतेश रामटेके, श्री दीपक कोटांगले, श्री प्रहलाद फुले, श्री रामकुमार वाल्दे सहित बौद्ध समाज के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# हिंदुत्व के नाम पर भाजपा का धड़ल्ले से जारी है अवैध शराब कारोबार - भागवत साहू

## कहा - 15 अप्रैल को धरना प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री का होगा पुतला दहन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अभी हाल ही में मां बमलेश्वरी तीर्थ डोंगरगढ़ से लगे ग्राम करवारी में शराब की अवैध बॉटलिंग करीब 28 लाख की शराब पकड़े जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू और डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल स्वामी के नेतृत्व में कल 15 अप्रैल को डोंगरगढ़ शहर में धरना प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। श्री साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के लिए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय आज कल देश के प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश के कोने-कोने में भारी पैमाने पर शराब भट्टी खोलकर मोदी की गारंटी पूरी किया जा रहा है। गरीब लाचार अंतिम पंक्ति जीवन यापन करने वाले मजदूर किसान संगी संगवारी के हाथ काम के लिए इंतजार कर रहे हैं। उसे हाथ में देसी अंग्रेजी और विषैली शराब



कोच्चियों के माध्यम से प्रदेश की जनता को परोसा जा रहा है यही सुशासन तिहाड़ की शंखनाद है। छत्तीसगढ़ की जनता अभी ना समझ पाए आने वाला कल भविष्य उनके परिवार के अंधकार में रहेंगे हमें जन जागरण फैलाने की आवश्यक है इसी कड़ी में 15 तारीख को डोंगरगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले इकदिवासी धरना प्रदर्शन देकर नकली होलोग्राम बॉटलिंग यूनिट प्लांट के खिलाफ जंगी प्रदर्शन कर आम जनता को आवाहन किया जा रहा है यही मोदी की गारंटी है इसे हम सब सबक सीखें। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज बांध उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनंदगांव जिले के निर्वाचित संगठन से जुड़े हुए त्रिस्तरी पंचायती राज के जनप्रतिनिधि का सम्मानित विधायक निगम मंडल आयोग और बोर्ड के शासन के अंग रहे संगठन से जुड़े हुए सभी पदाधिकारी गण बढ़ चलकर अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

# बीरुटोला मे मना संविधान निर्माता की जयंती

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरे भारत देश के साथ पूरे विश्व स्तर मे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाये जा



रहे डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती अंचल के समीपस्थ ग्राम बीरुटोला मे हर्षोल्लास के साथ डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाये गए इस दौरान सर्वप्रथम डॉक्टर बी.आर अम्बेडकर के छाया चित्र मे दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया तत पश्चात् पूरे भारतीय बौद्ध समाज एवम समस्त ग्रामवासीयों के साथ विशाल प्रभात फेरी निकाली गयी जिसमे विशाल भीड़ उमर पड़ा तत्पश्चात् डॉक्टर अम्बेडकर के पूर्ति के समीप शरण पंचशील का वाचन किया गया उसके उपरांत उद्बोधन मे समाज प्रमुखों के द्वारा उनके जीवनी और उनके द्वारा किये कार्यो को बताया गया कैसे वे महान समाज सुधारक बना यह जयंती केवल भारत देश नही अपितु पूरे विश्व मे मनाया गया इस कार्यक्रम मे भारतीय बौद्ध समाज बीरुटोला के समस्त उपासक उपसिका के साथ समस्त ग्रामवासी की उपस्तिथि थे।

# हाईवोल्टेज टावर पर बैठे युवक को रेस्क्यू टीम ने नीचे उतारा

## घंटो मशक्कत के बाद मिली सफलता, एसपी, तहसीलदार, जेई,पावर ग्रेट टीम सहित स्थानीय प्रशासन रहे मौजूद

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** हाईवोल्टेज टावर पर बैठा एक युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। यह घटना मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी में हुई, जहां एक युवक हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया था. स्थानीय प्रशासन और पावर ग्रेट की टीम ने मिलकर उसे नीचे उतारा.



चिल्हाटी थाना क्षेत्र के रहने वाला मानसिक विक्षिप्त युवक रोहित निषाद सोमवार अलसुबह 6 बजे हाई टेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया था. रायपुर से भद्रावती लाइन 440 केव्ही हाइटेंशन लाइन पर चढ़ने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी. घटना स्थल पर पहुंची चिल्हाटी पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू टीम को बुलाया. इसके बाद मौके पर पावर ग्रेट की भी टीम पहुंचे और मोर्चा संभाला. घटनास्थल पर हाईटेंशन लाइन बंद नहीं होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी. इसके बाद भी युवक को सकुशल नीचे उतार मेडिकल जांच के लिए अम्बागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

**बाल बाल बचा युवक**

चिल्हाटी निवासी रोहित निषाद की सुबह अपने माँ से कुछ बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर हाई टेंशन टावर में चढ़ गया बावजूद इसके सुरक्षित नीचे उतार लिया गया, बताया जाता है जिस टावर पर युवक चढ़ा था उसमें बचना संभव नही है जब युवक जिस हाई टेंशन टावर के कंडक्टर में बैठा था वहाँ हाई पावर सप्लाई होती है। युवक के परिजनों का कहना है कि इसके पहले भी दो से तीन बार आत्महत्या करने का प्रयास किया है जिसका इलाज देवादा में चल रहा है। घटना स्थल पर जिले के पुलिस कप्तान वायपी सिंग, तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो,जेई भरथरी कुर्रे सहित स्थानीय प्रशासन मौजूद थे।

# छुईखदान जनपद पंचायत में भाजपा की ऐतिहासिक जीत



## सर्वाधिक मतों से सुधीर गोलछा बने संचार एवं संकर्म विभाग के सभापति

**छुईखदान ( राजनांदगांव )।** जनपद पंचायत छुईखदान में शुक्रवार को हुए बहुप्रतीक्षित सभापति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सभी आठों सभापति के पदों पर विजय प्राप्त की। यह जीत विक्रांत सिंह के नेतृत्व और चुनाव प्रभारी घम्मन साहू और टी के चंदेल की संगठन क्षमता तथा जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत और स्थानीय मंडल अध्यक्ष की कुशल रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन पीठासीन अधिकारी रेणुका रात्रे की निगरानी में संपन्न हुआ। प्रात: 11 बजे से प्रारंभ हुई मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से चली, जिसमें जनपद पंचायत के सभी 25 निर्वाचित सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

**सुधीर गोलछा ने प्राप्त किए सर्वाधिक मत**

इस चुनाव की सबसे बड़ी जीत सुधीर गोलछा को मिला. जिन्हें सबसे अधिक 25 में 18 मत प्राप्त हुए। यह स्पष्ट संकेत है कि क्षेत्र की जनता और प्रतिनिधि वर्ग में उनके प्रति भरोसा और विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्हें संचार एवं संकर्म समिति के सभापति के रूप में चुना गया है।

सुधीर गोलछा के नेतृत्व, विचारशीलता और संगठनात्मक क्षमताओं की सराहना लंबे समय से होती रही है, और यह जीत उनकी लोकप्रियता की एक ठोस मिसाल बनकर सामने आई है।

**निर्वाचित सभापतियों की सूची:**

1. सुधीर गोलछा -संचार एवं संकर्म समिति
2. ज्योति जंघेल - महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण समिति
3. मन्नू मरकाम - कृषि समिति
4. डोमार सिंह - स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जल संसाधन समिति
5. राजू जंघेल - शिक्षा समिति
6. पुष्पा प्रकाश जघेल -सामान्य प्रशासन समिति
7. होमेश्वरी वैष्णव - सहकारिता और उद्योग समिति
8. सुमरित जंघेंल कृषि समिति
9. राजिम जंघेंल- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन

**सामाजिक समीकरणों पर भी रही विशेष नजर**

इस बार के चुनावों में सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व भी चर्चा का विषय रहा। जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित 9 सभापतियों में से 5 सभापति लोधी समाज से तथा एक एक सभापति आदिवासी समाज से, सामान्य वर्ग से , वैष्णव समाज से और कलार समाज से भाजपा ने विक्रांत सिंह के नेतृत्व में बनाया द्य



**भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाला परिणाम**

छुईखदान जनपद पंचायत में भाजपा की इस अभूतपूर्व सफलता को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह जीत स्थानीय संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के बीच जमीनी पकड़ को रेखांकित करती है।

**क्या बोले भाजपा कार्यकर्ता ?**

स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को जनता के विश्वास की जीत और जिला के लोक प्रिय नेता विक्रांत सिंह के कुशल नेतृत्व की शानदार जीत बताते हुए कहा कि अब समय है कि नव-निर्वाचित सभापति विकास कार्यों की दिशा में नई गति और ऊर्जा के साथ कार्य प्रारंभ करें। वहीं क्षेत्र की जनता ने उम्मीद जताई है कि सुधीर गोलछा , मन्नू मरकाम, ज्योति जंघेंल जैसे अनुभवी और दूरदर्शी नेता के नेतृत्व में जनपद पंचायत छुईखदान में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।

# युगांतर के राजेश आकाशवाणी में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के हिंदी शिक्षक राजेश चौबे के आलेख को आकाशवाणी रायपुर के चिंतन प्रोग्राम में 16 अप्रैल और 18 अप्रैल को प्रात:कालीन सभा में 6.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। इस आलेख को रेडियो के अलावा मोबाइल में निर्धारित समय में ए आई आर रेडियो एप डाउनलोड करके आकाशवाणी रायपुर में क्लिक करके भी सुन सकते है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने राजेश को बधाई दी है।



# युगांतर में मनाया गया अम्बेडकर जयंती

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में अम्बेडकर जयंती मनी । इस दौरान प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने अम्बेडकर के सिद्धांतों का महत्त्व बताया। उन्होंने अम्बेडकर के समरसता के सिद्धांत की विस्तार से व्याख्या की। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, हिंदी विभागाध्यक्ष वी एन राय, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने अम्बेडकर जयंती की बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में यह कहा है कि अम्बेडकर के सिद्धांत विश्व में समरसता स्थापित करने के लिए आज भी प्रासंगिक है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com